हरियाणा विधान सभा

बजट सत्र 2026

अतारांकित प्रश्न

27 फ़रवरी, 2026

कुल प्रश्न - 8

भू-जल स्तर का ब्यौरा

112 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) जनवरी, 2020 से राज्य में भू-जल स्तर की जिला-वार, माह-वार तथा वर्ष-वार अभिलिखित रीडिंग क्या हैं;

(ख) जनवरी, 2020 से राज्य में जलस्तर में गिरावट के कारण निष्क्रिय हो चुके ट्यूबवैल तथा बोरवेल की जिलेवार तथा वर्षवार संख्या कितनी हैं; तथा

(ग) जनवरी, 2020 से राज्य में डार्क जोन, क्रिटिकल जोन तथा सेमी-क्रिटिकल जोन के अंतर्गत वर्गीकृत क्षेत्र कितना है तथा उसका जिले-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ?

शिक्षकों के रिक्त पदों की कुल संख्या

113 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) जनवरी, 2026 तक राज्य के राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की जिले-

वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) चल रही शिक्षक भर्ती प्रक्रियाओं के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;

(ग) शिक्षा के अधिकार (आर.टी.ई) के मानदंड की तुलना में राज्य के राजकीय विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात कितना है; तथा

(घ) जनवरी, 2026 के अनुसार राज्य में पर्याप्त शौचालय सुविधाओं, पेयजल या चारदीवारी के बिना राजकीय विद्यालयों की जिलेवार संख्या कितनी है ?

अम्बेडकर पार्क का नवीनीकरण तथा सौंदर्यीकरण करना

114 **श्री राजबीर फरटिया (लोहारू):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बहल-पिलानी बाई-पास सड़क पर स्थित अम्बेडकर पार्क में बैठने की उचित व्यवस्थाएं, जन-उपयोगी तथा गाडियों के लिए निर्धारित पार्किंग जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव है; तथा

(ख) क्या आंगुतकों तथा स्थानीय लोगों के लिए बेहतर पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए उक्त पार्क का नवीनीकरण तथा सौंदर्यीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था करना

115 **श्री राजबीर फरटिया (लोहारू):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बहल गांव में लगे अधिकतर सी.सी.टी.वी. कैमरे वर्तमान में काम नहीं कर रहे हैं तथा स्ट्रीट लाइट्स प्रणाली अत्यधिक अप्रभावी है; तथा

(ख) क्या खराब कैमरों की तुरंत मरम्मत या बदलने तथा स्ट्रीट लाइट्स के लिए उचित व्यवस्थाएं करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

चिकित्सकों तथा अन्य अमले के रिक्त पदों को भरना

116 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे किः -

(क) राज्य में पशुपालन एवं डेयरी विभाग में श्रेणी क,ख,ग तथा घ चिकित्सकों तथा अन्य कर्मचारियों के स्वीकृत संख्या तथा वर्तमान में कार्यरत संख्या कितनी है;

(ख) प्रत्येक श्रेणी में रिक्त पदों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) उपरोक्त रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

फसलों की खरीद में देरी को नियंत्रित करने के लिए पग उठाना

117 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) गत पांच वर्षों के दौरान राज्य में सरकार द्वारा खरीदी गई सभी चौबीस फसलों की खरीद मात्रा तथा खरीद कीमत का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) राज्य में फसलों की खरीद में देरी को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं ?

वैकल्पिक जल निकासी तंत्र उपलब्ध कराना

118 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव मोहडा में स्थित रेलवे अंडर-पास को दूसरी जगह स्थानांतरित करने या एक वैकल्पिक जल निकासी तंत्र उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

एम्बुलेंसों की कमी को पूरा करना

119 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में स्वीकृत एम्बुलेंसों की जिला-वार संख्या कितनी है तथा वर्तमान में संचालित अवस्था में एम्बुलेंसों की संख्या कितनी है; तथा

(ख) स्वीकृत संख्या तथा वर्तमान में संचालित एम्बुलेंसों के बीच, कमी का जिले-वार

ब्यौरा क्या है तथा उक्त कमी को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?